भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
24.03.2021 के
अतारांकित प्रश्न सं. 4751 का उत्तर

रेलवे का कार्यबल

4751. श्री हेमन्त पाटिल:
श्री ओम पवन राजेनिंबालकर:
श्री राहुल रमेश शेवाले:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या पिछले तीन वर्षों के दौरान प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान रेलवे के कर्मचारियों की संख्या में कमी आई है;

(ख) यदि हां, तो तत्सम्बन्धी जोन-वार ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या कारण हैं एवं रेलवे में क, ख, ग और घ श्रेणी के रिक्त पदों की संख्या श्रेणी-वार तथा जोन-वार कितनी है;

(ग) रेलवे के कर्मचारियों पर कोविड-19 वैश्विक महामारी का क्या प्रभाव पड़ा है;

(घ) क्या सरकार ने रेलवे द्वारा अपने यात्रियों को प्रदान की जा रही रेल सेवाओं पर कर्मचारियों की इतनी कमी के प्रभाव के संबंध में कोई अध्ययन किया है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

रेल, वाणिज्य एवं उद्योग और
उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री
(श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ङ): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

S.K

रेलवे के कार्यबल के संबंध में दिनांक 24.03.2021 को लोक सभा श्री हेमन्त पाटिल, श्री ओम पवन राजेनिंबालकर एवं श्री राहुल रमेश शेवाले के अतारांकित प्रश्न सं. 4751 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) और (ख): जी, नहीं। रेलवे जैसे किसी बड़े संगठन में किसी समय कतिपय परिवर्तन होने की संभावना रहती है। ये परिवर्तन सामान्य सेवा-निवृत्ति, स्वैच्छिक सेवा-निवृत्ति, मृत्यु, पदोन्नति और पदों के सृजन, इत्यादि के कारण होते हैं। समूह-ग [लेवल-1 सहित(तत्कालीन समूह-घ)] की पिछले तीन वर्षों की ऑन रोल स्थिति के ब्यौरे निम्नानुसार हैं :

वर्ष	ऑन रोल
01.04.2018	12,48,101
01.04.2019	12,03,936
01.04.2020	12,18,335
31.12.2020 तक	12,03,085

समूह-ग और लेवल-1 (तत्कालीन समूह-घ) की रिक्तियों को भरने के लिए निम्नलिखित केन्द्रीकृत रोजगार अधिसूनाएं (सीईएन) हाल ही में जारी की गई हैं :

केन्द्रीकृत रोजगार अधिसूनाएं	अधिसूचित रिक्तियों की संख्या
02/2018	63202 (लेवल-1 तत्कालीन समूह-घ)
आरआरसी-01/2019	1,03,769(लेवल-1 तत्कालीन समूह-घ)
03/2019	1663(समूह-ग)
01/2019	35,281(समूह-ग)

S.K

(ग): कोविड-19 वैश्विक महामारी का रेलवे की जन-शक्ति पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है।

(घ) और (ङ): प्रश्न नहीं उठता।

******